# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 25 मार्च, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/25-03-2019/print

## वर्चुअल सिम कार्ड

पुलवामा हमले की जाँच के दौरान जाँच एजेंसियों ने पाया है कि जैश-ए-मुहम्मद के आतंकवादियों द्वारा हमले में वर्चुअल सिम कार्ड (Subscriber Identification Module Cards) का इस्तेमाल किया गया था।

## वर्चुअल सिम क्या है?

- इस तकनीक में कंप्यूटर द्वारा एक टेलीफोन नंबर उत्पन्न किया जाता है और उपयोगकर्त्ता अपने स्मार्टफोन पर सेवा प्रदाता का एक एप्लीकेशन डाउनलोड करता है।
- यह एक क्लाउड-आधारित (उपयोगकर्त्ता की सक्रियता के बगैर इंटरनेट पर इस्तेमाल की जाने वाली सेवाएँ, खास तौर से डेटा स्टोरेज़) नंबर है जिसका उपयोग किसी भी उपकरण से एप के माध्यम से किया जा सकता है।
- इस वर्चुअल फोन नंबर के माध्यम से होने वाली सभी वॉयस कॉल और एसएमएस मोबाइल में उपलब्ध मोबाइल डेटा/वाई-फाई कनेक्शन की सहायता से वर्चुअल सिम (Virtual Sim) सेवा प्रदाता के नेटवर्क पर स्थानांतरित किये जाते हैं।

## CBSE शिक्षा वाणी

हाल ही में **केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड** (Central Board of Secondary Education-CBSE) ने सभी हितधारकों को समान रूप से सूचना प्रसारित करने के लिये 'CBSE शिक्षा वाणी' नाम से एक नया एंड्रॉइड एप लॉन्च किया है।

- इस एप पर बोर्ड ने 2019 की बोर्ड परीक्षा की कॉपियों की जाँच के लिये दिशा-निर्देश भी अपलोड किये हैं। गौरतलब है कि CBSE समय-समय पर महत्त्वपूर्ण सूचनाओं की घोषणा करता रहता है, जिन्हें हितधारकों तक पहुँचाने की ज़रूरत होती है।
- इस एप के माध्यम से CBSE को बेहतर तरीके से ऐसा करने में मदद मिलेगी।
- इस एप में सूचना का आकलन संबंधित व्यक्तियों द्वारा ही किया जा सकता है तथा इसमें बोर्ड परीक्षा के परिणाम की तैयारी के बारे में भी जानकारी दी गई है।

## विश्व क्षय रोग दिवस

24 मार्च को दुनियाभर में **विश्व क्षय रोग दिवस** का आयोजन किया गया। क्षय रोग को तपेदिक के नाम से भी जाना जाता है।

- इस वर्ष विश्व क्षय रोग दिवस की थीम **'It's Time (यही समय है)** रखी गई है।
- इस भावना के अनुरूप भारत ने वैश्विक लक्ष्य से पाँच वर्ष पूर्व ही अर्थात् 2025 तक क्षय रोग के उन्मूलन के लिये प्रतिबद्धता जताई है।
- Revised National TB Control Program (RNTCP) के तहत क्षय रोग के नियंत्रण और उन्मूलन के लिये **'क्षय रोग 2017-2025 राष्ट्रीय रणनीतिक योजना'** चलाई जा रही है। यह दिवस क्षय रोग से संबंधित समस्याओं और समाधान के बारे में लोगों को जागरूक करने और विश्वभर में इसके नियंत्रण के प्रयासों का समर्थन करने के लिये मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि 1882 में क्षय रोग (TB) के जीवाणु की खोज करने वाले डॉ. रॉबर्ट कोच की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जाता है।